Edit with WPS Office

पाठ - 14

समय के धनी

विधा - जीवन वृत्त

शब्दार्थ

कद्र-इज्जत

व्यर्थ-बेकार

बाज़ारू-अशिष्ट

अलावा - अतिरिक्त

होशियार - चतुर

अनूठी-अनोखी

सोचो और बताओ- कापी कार्य

प्र०(क) लाला जी के जीवन पर किसका प्रभाव पड़ा?

उ० - लाला जी के जीवन पर उनके पिता जी का गहरा प्रभाव पड़ा।

प्र०(ख) बीमार कौन पड़ गया था?

उ० - लाला जी के पिता जी और माता जी एक साथ बीमार पड़ गए थे।

प्र०(ग) माता-पिता का कहना कौन नहीं टालता था?

उ०- माता-पिता का कहना लाला जी नहीं टालते थे

प्र०(घ) आशीर्वाद देते हुए लाला जी के पिता जी ने क्या कहा था?

उ०- आशीर्वाद देते हुए लाला जी के पिता जी ने कहा था- "तू सेवा के काम में बड़ा होशियार है। हमें आशा है कि तू अपने देश की बड़ी सेवा करेगा।"

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो- कॉपी कार्य

प्र०(क) लाला लाजपतराय का जन्म कहाँ हुआ था?

उ०- लाला जी का जन्म फ़िरोजपुर जिले के एक गाँव में हुआ था।

प्र०(ख) लाला जी किसके बड़े भक्त थे?

उ०- लाला जी अपने माता-पिता के बड़े भक्त थे।

प्र०(ग) पिता जी ने लाला जी से क्या कहा था?

Edit with WPS Office

उ०- पिता जी ने लाला जी को आशीर्वाद देते हुए कहा था- “तू सेवा के काम में बड़ा होशियार है। हमें आशा है कि तू अपने देश की बहुत बड़ी सेवा करेगा।"

प्र०(घ) आर्यसमाज और देश की सेवा किसने की?

उ०- आर्यसमाज और देश की सेवा लाला लाजपत राय ने की।